कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान जयपुर

क्रमांक एफ. 15(18)2018 / गो.प्र. / प्रमुवस / दिनांक

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के पत्रांक एफ15(9)2019 / गोप्र / प्रमुवस / 5378 / सी दिनांक 23.07.2019 से सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत कार्मिकों की दिनांक 01.04.2019 की स्थिति अनुसार अंतिम वरिष्ठता सूची जारी की गई थी। जिसमें श्री शिवलाल जीनगर पुत्र चुन्नीलाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी का पदस्थापन कार्यालय उप वन संरक्षक, भीलवाडा का वरिष्ठता क्रमांक 31 था। राज्य सरकार के पत्रांक प7(37)वन / 2018 दिनांक 24.9.2019 से वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पदों की वर्ष 2016–17 की रिव्यू डी.पी.सी आयोजित करने की अनुमति प्राप्त होने पर तदानुसार वर्ष 2016–17 की वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पदों पर पदोन्नति की रिव्यू डी.पी.सी दिनांक 13.11.2019 द्वारा रिव्यू किया गया। परिणाम स्वरूप श्री शिवलाल जीनगर को उनके पूर्व के पदोन्नति वर्ष 2017–18 के स्थान पर वर्ष 2016–17 में सहायक प्रशानिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु पात्र पाए जाने पर तदानुसार पदोन्नत किया गया। अतः उक्तानुसार श्री शिवलाल जीनगर को 01.04.2019 की स्थिति अनुसार सहायक प्रशासनिक अधिकारी की वरिष्ठता सूची भी प्रभावित हुई है। इसी क्रम में इस कार्यालय के पत्रांक एफ15(9)2019 / गोप्र / प्रमुवस / 5378 / सी दिनांक 23.07.2019 की स्थिति अनुसार सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पदों हेतु जारी वरिष्ठता सूची को संशोधित करते हुए क्रम संख्या 31 को विलोपित कर श्री शिवलाल जीनगर का नाम श्री विद्यारत्न पुत्र प्रहलाद क्रम संख्या 21 के बाद एवं श्री गंगासिंह पुत्र प्रभाती लाल का क्रम संख्या 22 के पहले क्रम संख्या 21 ए पर पदस्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त के क्रम में यदि किसी लोकसेवकों को कोई आपत्ति हो तो वह अपना अभ्यावेदन 10 दिवस में इस कार्यालय को प्रेषित कर देवें। उक्त समयावधि पश्चात प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाकर उक्तानुसार वरिष्ठता निर्धारित कर दी जावेगी।

(दीपक भटनागर)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ),
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ. 15(18)2018 / गो.प्र. / प्रमुवस / 7271–7380/c दिनांक 28.11.2019

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित है:–

1. समस्त वनाधिकारियों को इस कार्यालय के आदेश पृष्ठांकन संख्या 5379–5489सी दिनांक 23.07.2019 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित है।
2. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभाग की वेबसाईड पर अपलोड करने हेतु।
3. रक्षी पत्रावली।

(एच.के.सारस्वत)
उप वन संरक्षक(प्रशा.अराजपत्रित),
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
राजस्थान, जयपुर

D:\Shravan lal bairwa 1 jan 18\office order.docx